योगदान का शुल्क

Usdaw की सदस्यता का शुल्क ट्रेड यूनियन मूवमेंट में सबसे कम में से एक है, जो प्रतिदिन केवल कुछ पेंस के बदले आपको विभिन्न उत्कृष्ट लाभ और व्यावसायिक सेवाएं उपलब्ध कराती है।

अधिक जानकारी या Usdaw में शामिल होने के लिए:

- अपने Usdaw प्रतिनिधि से संपर्क करें
- अपने स्थानीय Usdaw कार्यालय में संपर्क करें
  0800 030 80 30
- हमारी वेबसाइट
  www.usdaw.org.uk को देखें

इस पुस्तिका में दी गई सूचना जुलाई 2024 - मुद्रण की तिथि को सही है।

USDAW

Published by Usdaw
Voyager Building
2 Furness Quay
Salford Quays
Manchester M50 3XZ

क्या आप...

अलग-थलग महसूस करते हैं?

काम पर अपने अधिकारों के बारे में अनिश्चित हैं?

आप अंग्रेजी सीखने में मदद पसंद करेंगे?

Usdaw मदद कर सकती है - हम आपकी ट्रेड यूनियन हैं।

USDAW

Usdaw में आपको क्यों शामिल होना चाहिए, इसके छह कारण - आपकी ट्रेड यूनियन।

Hindi

Usdaw में आपको क्यों शामिल होना चाहिए, इसके छह कारण...

1. हम हमारे सदस्यों की काम पर अपने अधिकारों का पता करने के बारे में मदद करते हैं। उदाहरण के लिए, क्या आप जानते हैं कि आपको निम्नलिखित का अधिकार है:
   - वयस्कों के लिए एक न्यूनतम मजदूरी। यह प्रत्येक साल बढ़ती है और 1 अप्रैल 2024 से, यह है:

     21 वर्ष और उससे अधिक की आयु वालों के लिए £11.44 प्रति घंटा

     18-20 वर्ष की आयु वालों के लिए £8.60 प्रति घंटा

     16-17 वर्ष की आयु वालों के लिए £6.40 प्रति घंटा
   - एक वर्ष में 28 दिन का सवेतन अवकाश (उसके लिए जो सप्ताह में 5 दिन काम करता है)
   - प्रतिदिन 11 घंटे आराम।
   - अधिकांश कामगार तीन दिन की बीमारी के बाद अस्वस्थता वेतन के पात्र हैं
2. हम हमारे सदस्यों की समस्याएं प्रबंधन के सामने उठाते हैं और अनुशासनिक सुनवाइयों में आपका प्रतिनिधित्व करते हैं।
3. हम हमारे सदस्यों को काम पर किसी दुर्घटना, अनुचित बरखास्तगी और भेदभाव के मामलों में निशुल्क कानूनी सलाह और प्रतिनिधित्व देते हैं।
4. हम हमारे सदस्यों को विभिन्न विषयों पर निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं जिसमें अंग्रेजी, गणित और कंप्यूटर कौशल शामिल हैं।
5. हम जातिवाद के विरूद्ध अभियान चलाते हैं और सभी कामगारों के लिए समान व्यवहार को बढ़ावा देते हैं।
6. हम हमारे सदस्यों के वेतन और काम पर उनके जीवन में सुधार के लिए काम करते हैं।

- ट्रेड यूनियन में हर कोई शामिल हो सकता है।
- किसी ट्रेड यूनियन में शामिल होना आपका कानूनी अधिकार है।
- आपको अपने नियोक्ता को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि आप किसी ट्रेड यूनियन के सदस्य हैं।
- किसी ट्रेड यूनियन का सदस्य होने के कारण आपके विरूद्ध भेदभाव करना किसी के भी लिए गैरकानूनी है।